प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर जफरपट्टी में तैयारियां तेज

डीएम ने स्थल का किया निरीक्षण, समय पर काम पूरा करने का दिया निर्देश

हाजीपुर (आससे)। प्रधानमंत्री के 21 नवंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर राजापाकर प्रखंड के जफरपट्टी में तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया



और तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर बनाए जा रहे हेलीपैड, पार्किंग स्थल, संपर्क पथ तथा अन्य आधारभूत व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने हेलीपैड और पार्किंग स्थल की व्यवस्था, वाहनों के सुचारु आवागमन, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक जनसुविधाओं को सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी व्यवस्थाएं उच्च गुणवत्ता और मानक के अनुरूप होनी चाहिए, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ तैयारियों में जुटा है। सभी पदाधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें और नियमित रूप से कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते रहें।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि हेलीपैड, पार्किंग और संपर्क पथ का काम तेजी से चल रहा है। सुरक्षा और यातायात को लेकर अलग से योजना बनाई जा रही है। कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था और चिकित्सा सुविधा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासन का दावा है कि तय समय में सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जाएगा।

खरना पर 101 छठ व्रतियों के बीच अंगवस्त्र और पूजन सामग्री वितरित

17 वर्षों से चल रही परंपरा, अगले वर्ष 501 व्रतियों को देने की घोषणा

हाजीपुर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर खरना के दिन सरसई गढ़ रामपुर रत्नाकर में 101 पुरुष और महिला छठ व्रतियों के बीच निःशुल्क अंगवस्त्र और पूजन सामग्री का वितरण किया गया। स्वर्गीय डॉ. कैलाश प्रसाद शर्मा उर्फ बजरंग बाबू की स्मृति में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी साड़ी, नारियल, फल, अगरबत्ती, दिया-सलाई और गमछा दिया गया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी अमोद कुमार निराला ने की, जबकि संचालन आलोक कुमार शर्मा ने किया। उद्घाटन पैक्स प्रबंधक राजमाता रामदुलारी देवी ने किया। मुख्य अतिथि विकास कुमार सिंह ने कहा कि पिछले 17 वर्षों से यह कार्यक्रम हो रहा है। अगले वर्ष 501 व्रतियों को सामग्री देने की घोषणा की गई।



सराय में किराना दुकान पर खूनी संघर्ष में 8 जख्मी

हाजीपुर(आससे)। सराय थाना क्षेत्र के नीरपुर पतार गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक पक्ष के 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और परिजनों के सहयोग से सभी घायलों को राजापाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति देखते हुए सभी को हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां सभी का इलाज चल रहा है घायलों में अनीता देवी, गीता देवी, अशोक पासवान, राजकुमार, सनोज पासवान, विश्वनाथ पासवान, अनीशा कुमारी सहित 8 लोग शामिल हैं। सभी को सिर, हाथ-पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है। घायल राजकुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह गांव के अजीत ठाकुर उसकी किराना दुकान पर सामान लेने आया था। इसी दौरान पंकज पासवान आकर अजीत से मारपीट करने लगा। जब उसके पिता ने विरोध किया तो पंकज ने उनसे ही मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर घर के लोग पहुंचे तो करीब 20 लोगों ने मिलकर परिवार के 8 लोगों को लाठी-रॉड से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित परिवार का कहना है कि मारपीट का वीडियो में साफ दिख रहा है कि किस तरह 20 लोगों ने एक परिवार को घेरकर पीटा। परिजनों ने वीडियो के आधार पर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

गायब युवक का मिला शव निजी तालाब से हुआ बरामद

दोस्तों ने ही गोली मारकर युवक को किया था गायब, कार सहित दो आरोपी गिरफ्तार, तीन की तलाश में छापेमारी जारी

हाजीपुर (आससे)। बीते 9 और 10 नवंबर की रात जिस युवक को गोली मारकर अपराधियों ने गायब कर दिया था, उसका शव घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर दूर एक निजी तालाब से बरामद कर लिया गया है। साथ ही पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई कार सहित इस हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीन अन्य आरोपी फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी शुभांक मिश्रा द्वारा गठित विशेष टीम छापेमारी कर रही है। सबसे खास बात यह है कि इस घटना में शामिल सभी आरोपी मृतक विवेक उर्फ टिंकू के दोस्त हैं। शनिवार को ग्रामीण एसपी सोनू कुमार राय ने बताया कि सराय थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रबोधी गांव में बीते 9 और 10 नवंबर की रात सभी एक बगीचे में जमा हुए थे, जहां आपसी रंजिश में सभी पांचों आरोपियों ने मिलकर टिंकू को गोली मारी और फिर उसे लेकर फरार हो गए। पुलिस और परिजनों को टिंकू की हत्या किए जाने का शक था। ऐसे में जब शनिवार को टिंकू का शव तालाब से बरामद हुआ, तब शक यकीन में बदल गया और यह मामला एक जघन्य हत्याकांड में बदल गया। बता दें कि वारदात के बाद से ही युवक का शव गायब था, जिसके कारण मामले का रहस्य लगातार गहराता जा रहा था। पिछले कई दिनों से सराय थाना की पुलिस लापता युवक की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर खोजबीन कर रही थी। इसी बीच गांव के पोखर में शव मिलने से मामले में नया मोड़ आ गया है। बता दें कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी पीड़ित परिवार से वीडियो कॉल पर बात की थी और हरसंभव मदद का भरोसा दिया था। बहरहाल, अब पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस घटना के फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार करना है, ताकि यह पता चल सके कि आखिर दोस्तों ने ही अपने दोस्त और उसके भरोसे का कत्ल क्यों किया।

महुआ में बीडीओ ने बच्चों संग मनाया बाल दिवस, चेहरे पर आयी मुस्कान

महुआ (आससे)। बाल दिवस के अवसर पर महुआ प्रखंड क्षेत्र से एक दिल छू लेने वाली तस्वीर सामने आई। प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरव बरनवाल ने अलग-अलग पंचायतों में बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें शैक्षणिक सामग्री और उपहार दिए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान सबसे प्यारी तस्वीर मोहनपुर धनराज गांव की रही, जहां 3 साल की नन्हीं बच्ची नाम्या को बीडीओ ने अपने हाथों से गिफ्ट दिया। नाम्या की मासूम मुस्कान और खुशी ने वहां मौजूद सभी का दिल जीत लिया। बीडीओ ने नाम्या को दुलार किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बीडीओ ने बच्चों को बाल दिवस के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई जाती है। पंडित नेहरू को बच्चों से बेहद प्रेम था, इसलिए उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहा जाता था। उन्हीं की याद में हर साल बाल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बच्चों से कहा कि पंडित नेहरू का मानना था कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। इसलिए खूब पढ़ो, अनुशासित रहो और बड़े सपने देखो। शिक्षा ही जीवन बदलने की सबसे बड़ी ताकत है। बीडीओ ने बच्चों को किताब, कॉपी, पेन, चॉकलेट और अन्य उपहार दिए। साथ ही अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की। इस पहल की स्थानीय लोगों ने खूब सराहना की है।

शराब के खिलाफ सघन अभियान, रेलवे स्टेशन से घाटों तक हो रही चेकिंग

हाजीपुर (आससे)। छठ महापर्व को लेकर वैशाली जिले में मद्यनिषेध कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए उत्पाद विभाग ने विशेष जांच और सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देशन में हाजीपुर शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विभाग की टीमें लगातार गश्ती और निगरानी कर रही हैं।

अभियान के तहत हाजीपुर रेलवे स्टेशन परिसर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। यहां यात्रियों के सामान और संदिग्ध गतिविधियों की जांच की जा रही है।



इसके अलावा रामाशीष चौक, गंगा ब्रिज, कौनहारा घाट, नगर थाना क्षेत्र सहित शहर के अन्य प्रमुख चौक-चौराहों और आवागमन के महत्वपूर्ण मार्गों पर भी सघन चेकिंग की जा रही है। जिले के अन्य प्रखंडों और संवेदनशील क्षेत्रों में भी उत्पाद विभाग की टीमें लगातार जांच कर रही हैं। विशेष जांच अभियान के दौरान शराब के अवैध परिवहन, भंडारण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जा रही है। पर्व के दौरान अवैध शराब के निर्माण और कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विभागीय टीमों को सतर्कता के साथ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। मद्यनिषेध कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को छठ महापर्व के दौरान विशेष सतर्कता बरतने, संवेदनशील स्थलों पर नियमित जांच करने और जिले में मद्यनिषेध कानून का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्रशासन ने पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था और जनसुरक्षा बनाए रखने के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया है। जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास अवैध शराब के निर्माण और बिक्री अथवा अन्य किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी जिला प्रशासन को दें। नागरिकों द्वारा दी गई सूचनाओं के आधार पर त्वरित और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून को सफल बनाने में आम जनता की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। सामूहिक प्रयासों से ही नशामुक्त और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। अवैध शराब और नशीले पदार्थों से संबंधित सूचना व्हाट्सऐप नंबर 8544424310 तथा जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 06224-260233 / 06224-260234 पर दी जा सकती है।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना।
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–15 वर्ष 2026–27

चतुर्थ श्रेणी में निबंधित संवेदकों से निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 21.11.2026 के अपराहन 12:00 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:30 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।
कार्य का विवरणी :–

क	सामग्री का नाम एवं विशिष्टयाँ	मात्रा	इकाई	उद्वत की जानेवाली दर
1	**Name of Work – Supply of printed forms, office Stationary and Computer accessories to Office of The Executive Engineer, Gardanibagh Building Division, Patna for the year 2026-27**			
	(i) Signature Pad	6 nos	Each	
	(ii) Ink Pad (Best quality)	12 nos	Each	
	(iii) Writing Pad (100 page booklet)	20 Nos	Each	
	(iv) Guard file (good quality)	50 nos	Each	
	(v) Flat file (good quality)	150 nos	Each	
	(vi) Plain paper (good quality)	20 Rim	Each	
	(vii) Printed form of Money receipt (100 page booklet)	10 nos	Each	
	(viii) Carbon (kores/camel)	6 nos	Each	
	(ix) Tag (50 piece pack)	36 nos	Each	
	(x) Gum (200 ml)	10 nos	Each	
	(xi) Gum Tube (50 ml)	12 nos	Each	
	(xii) Stapler pin (10 NO)	40 nos	Each	
	(xiii) Stapler (24/6 NO)	8 nos	Each	
	(xiv) Stapler pin (24/6 NO)	20 nos	Each	
	(xv) Paper flag	20 nos	Each	
	(xvi) Plastic Cover Bag (Best Quality)	50 nos	Each	
	(xvii) Envelope (Best Quality 3x7")	500 nos	Each	

➢ कार्य समाप्ति की अवधि : 15 दिन
➢ विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/.prdbihar.gov.in देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भ0नि0वि0, पटना

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.015367 (BCD) 2026-27

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है।

अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, सहरसा
आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सहरसा द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 04 / 2026–27 (व्यवहार न्यायालय सहरसा के परिसर में 02 (दो) X-Ray Baggage Scanner Room के निर्माण कार्य) में भाग लेने वाले संवेदको में से निम्नलिखित संवेदक जो निविदा आमंत्रण सूचना की शर्तों के अनुसार सफल घोषित किये गए है, के बीच कार्य का आवंटन लॉटरी के माध्यम से दिनांक– 20.11.2026 को अपराह्न 3:00 बजे अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, सहरसा कार्यालय में की जायेगी।

सफल संवेदक :–
(1) मीना देवी, वार्ड नं0–01, सहरसा।
(2) विभा देवी, आरण, सहरसा।
(3) आयुष ब्रदर्स कन्सट्रक्सन एण्ड सप्लायर्स (प्रो0– शंकर मंडल), सहरसा।
(4) जीतेन्द्र नारायण सिंह, गंगजला, सहरसा।
(5) पिंटू पंडित, वार्ड नं0– 03, सहरसा।
(6) अंशी ट्रेडर्स, (प्रो0–नितीश कुमार), सहरसा।
(7) माँ काली इंटरप्राइजेज, (प्रो0–नीलम कुमार सिंह), सहरसा।
(8) अभिमन्यु राय, गंगजला, वार्ड नं0–08, सहरसा।
(9) मुकेश खन्ना, वार्ड नं0– 03, सहरसा।
(10) मो0 नौषाद आलम, वार्ड नं0–05, महिषी सहरसा।
(11) कृतिका इंटरप्राइजेज, (प्रो0–अरविन्द प्रसाद गुप्ता), सहरसा।
(12) सुशील कुमार झा, बसौना, वार्ड नं0–09, सहरसा।
(13) कमलेश यादव, वार्ड नं0– 01, सहरसा।
(14) विपिन कुमार सिंह, गंगजला, वार्ड नं0–08, सहरसा।
(15) रौशन सम्राट, मुरली बसंतपूर, सहरसा।
(16) सुशीला कुमारी, वार्ड नं0–11, सहरसा।
(17) प्रणव कुमार प्रीतम, सहरसा।
(18) प्रतिकेश, गंगजला, वार्ड नं0– 16, सहरसा।
(19) प्रकाश कुमार, डी0बी0 रोड, सहरसा।
(20) उद्यानन्द ठाकुर, लक्ष्मी नाथ नगर, सहरसा।
(21) शीलू कुमारी, तेघरा, सहरसा।
(22) बिनोद कुमार बिमल, आरण, वार्ड नं0– 12, सहरसा।
(23) सुजीत कुमार, वाई नं0– 11, सहरसा।
(24) गणेश इंटरप्राइजेज, (प्रो0–गणेश कुमार), वार्ड नं0–27, सहरसा।
(25) बालाजी इंटरप्राइजेज (प्रो0–कन्हैया कुमर), वार्ड नं0–04, सहरसा।
(26) संजय सुमन, सिमराह वार्ड नं0– 14, सहरसा।
(27) शिवानी कुमारी, नयाबाजार, सहरसा।
(28) मो0 इरसाद आलम, लहुआर, सहरसा।
(29) अंजलि कुमरी पांडेय, मुरली बसंतपूर, सहरसा।

उपरोक्त सफल संवेदकों को सूचित किया जाता है कि लॉटरी हेतु स्वयं या प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिशिचत करेंगे। आपके अथवा आपके प्रतिनिधि के अनुपस्थिति में भी लॉटरी की प्रक्रिया पूरी की जायेगी एवं भविष्य में इस संबंध मे कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा में असफल घोषित निविदाकार दिनांक– 19.11.2026 को अपराह्न 1:00 बजे तक अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, सहरसा कार्यालय मे लिखित रूप में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते है। आपत्ति मान्य होने पर लॉटरी में शामिल होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। आपत्ति दर्ज करने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा।

अधीक्षण अभियंता
भवन निर्माण विभाग,
भवन अंचल, सहरसा

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR. No.015371 (BCD) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार

अधीक्षक का कार्यालय
अनु0 ना0 मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल,गया जी।
सूचना

वित्तीय वर्ष–2026–27 से अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल, गया जी में एक वर्ष की वैधता, हेतु मशीन, उपस्कर, उपकरण एवं सर्जिकल सामग्री इत्यादि के क्रय हेतु वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अंतगर्त बिहार राज्य मे निबंधित सरकारी / गैर सरकारी निर्माता, फर्म या प्राधिकृत आपुर्तिकर्त्ताओं से निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा पी0आर0 संख्या–013751 दिनांक–16.10.2026 द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसे दिनांक 05.11.2026 को हुये बैठक में क्रय समिति के सदस्यों के द्वारा सर्वसहमति से यह निर्णय लिया गया है कि वर्तमान पी0आर0 संख्या–013751 को अपरिहार्य कारणों से रद्द कर पुनः नई निविदा का प्रकाशन जल्द से जल्द कराई जाये। साथ ही पी0आर0 संख्या–013751 मे सम्मिलित निविदादाओं एवं सर्वसाधरण को भी इस आशय की सूचना से अवगत कराने हेतु निर्णय लिया गया था। उक्त लिये गये निर्णय के अलोक मे सर्वसाधरण को सूचित करने हेतु निदेशक सूचना एवं जन संपर्क विभाग,बिहार,पटना मे प्रकाशन हेतु पत्र भेजी जा रही है।

अधीक्षक,
अनु0ना0म0मे0कॉ0 अस्पताल, गया जी

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR. No.015366 (Health) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिदुपुर स्टेशन बाजार में ज्वेलर्स दुकान से लाखों का सोना-चांदी चोरी

हाजीपुर। बरांटी थाना क्षेत्र के बिदुपुर स्टेशन बाजार में प्रियंका ज्वेलर्स दुकान में चोरों ने सेंधमारी कर लाखों रुपये के सोना-चांदी की चोरी कर ली। दुकान के मालिक



अमरदीप पोद्दार के अनुसार, चोरी की घटना रात करीब 12 बजे के बाद हुई। चोरों ने करीब 15 किलो चांदी और 100 ग्राम सोना चुरा लिया। दुकानदार ने बताया कि वे रात 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह दुकान खोलने आए तो पीछे के शटर का ताला टूटा मिला। अंदर सोने का बक्सा भी टूटा हुआ था। सूचना पर बरांटी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। दुकानदार ने प्रशासन से चोरों की गिरफ्तारी और सामान की बरामदगी की मांग की है।

देवा चौक में मनाई गई नेहरू जयंती बच्चों को किया गया सम्मानित

बाल दिवस पर चाचा नेहरू के योगदान को किया गया याद

हाजीपुर। बरांटी थाना के देवा चौक स्थित निजी विद्यालय परिसर में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती समारोह का आयोजन भारत संवाद अभियान के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभियान के संयोजक अधिवक्ता विजेंद्र यादव ने की, जबकि संचालन समाजसेवी सुरेश प्रसाद सिंह ने किया।वक्ताओं ने कहा कि बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू का बाल प्रेम और आधुनिक भारत के निर्माण में उनका योगदान देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेगा। नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर अनेक बच्चों को टॉफी, कलम और कॉपी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अमित कुमार, विकास कुमार, आदित्य कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



बिहार सरकार

निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप (Eproc-2.0 के माध्यम से)
मानक निविदा आमंत्रण सूचना प्रारूप ₹ 25.00 लाख से ₹ 70.00 लाख तक की राशि के कार्यो के लिए (डबल बीड पद्धति)
कार्यालय, मुजफ्फरपुर नगर निगम, मुजफ्फरपुर
Website : https://mymmc.org., E-mail ID-muzaffarpur.ulb@gmail.com, mmc-muz-bih@nic.in
Control Room- 155304, 1800 345 1061, 7870031117

पुनर्निविदा आमंत्रण की सूचना (ई–टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in.)
संख्या– NIT No.-08/MMC/2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता — नगर आयुक्त, नगर निगम, मुजफ्फरपुर .
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि – — दिनांक–09.11.2026
3. प्री बीड मीटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान — दिनांक–01.12.2026 को समय 13:30 बजे पूर्वाहन / अपराहन स्थान–नगर आयुक्त का कार्यालय, नगर निगम सभागार, मुजफ्फरपुर।
4. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय — दिनांक–30.11.2026 से दिनांक 07.12.2026 के 15:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि– — दिनांक–07.12.2026 समय 15:00 बजे तक (www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि — दिनांक–10.12.2026 समय 11:00 बजे
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि — तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार
8. कार्य की विवरणी–

क्रम सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रु. में)	अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रतिदेय) (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2.bihar.gov.in	Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	वार्ड सं0–06 में बिसाती टोला में मुहम्मद आलम से अशोक बाबू के घर तक एवं शशि मामा राहुल नगर के घर से ब्रजकिशोर जी के घर तक एवं सोनारपट्टी में राजा जी के घर से रंगगली चांद भाई के घर तक एवं शिया मस्जिद जौहर साहब के घर से मोती भाई के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। (Re-Tender)	33,82,813.00	67,700.00	5,000.00	As per e-Proc2	4 Months
2	वार्ड सं0–10 अन्तर्गत शेख टोली में पी0डब्लू0डी0 सड़क संख्या–01 से पी0डब्लू0डी0 सड़क संख्या–02 तक जानेवाली गली में पी0सी0सी0 सड़क एवं आर0सी0सी0 नाला निर्माण। (Re-Tender)	27,94,350.00	55,900.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
3	वार्ड संख्या 21 में श्री नन्द किशोर कुमार नैनू भईया के घर होते हुए जयलस देवी एवं स्व0 वैद्यनाथ गुप्ता के घर होते हुए त्रिशूल मंदिर तक सड़क एवं नाला निर्माण। (Re-Tender)	27,84,300.00	55,700.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
4	वार्ड सं0–21 अन्तर्गत ब्राह्मणटोली मुहल्ला में देवनन्दन प्रसाद पहलवान के घर से उमाशंकर नथानी जी के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। (Re-Tender)	35,33,200.00	70,700.00	5,000.00	As per e-Proc2	4 Months
5	वार्ड संख्या–22 अन्तर्गत बकार के घर से मनोरमा देवी के घर तक एवं भुनेश्वर शर्मा के घर से अजय दत्त के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। (Re-Tender)	34,23,300.00	68,500.00	5,000.00	As per e-Proc2	4 Months
6	वार्ड सं0–32 अन्तर्गत कृष्णा नगर मे डी.एन. सिंह के घर से भाया मनोज श्रीवास्तव के घर होते हुए संस्कार पथ होते हुए प्रभात श्रीवास्तव के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण। (Re-Tender)	26,71,850.00	53,500.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
7	वार्ड सं0–34 अन्तर्गत प्रेम कुमार के घर से रेलवे ट्रेक तक सड़क एवं नाला निर्माण। (Re-Tender)	33,86,100.00	67,800.00	5,000.00	As per e-Proc2	3 Months
8	वार्ड संख्या–34 के अन्तर्गत पंखाटोली बढ़ई टोला में सियालाल सहनी के मकान से डॉ0 पी. घोष के मकान तक सड़क एवं नाला निमार्ण कार्य। (Re-Tender)	48,93,500.00	97,900.00	5,000.00	As per e-Proc2	6 Months

नोटः– Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in
9. निविदा की वैद्यता अवधि : 120 दिन (निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि से)

(ऋतुराज प्रताप सिंह)
नगर आयुक्त,
मुजफ्फरपुर नगर निगम, मुजफ्फरपुर

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.015375 (B&C) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

एक साथ जलीं मां, बेटे और दादी की चितायें, गांव में पसरा मातम

गोरौल वैशाली (आससे)। एक साथ तीन चिता के अग्नि देने के वाद 80 वर्षीय छितरौली गांव निवासी अमीर सिंह का धर्य जबाब दे दिया। उन्हें यह कहा पता था कि एक साथ पुत्री ,नाती और समधिनी को एक साथ मुखाग्नि देना



पड़ेगा। यह हृदयविदारक घटना थाना क्षेत्र के प्रेमराज गांव की है। जहा गुरुवार की देर रात्रि एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने विषपान कर अपना जीवन लीला ही समाप्त कर लिया। मां, बेटे और दादी की एक साथ उठी अर्थी और फिर एक ही स्थान पर जलीं तीनों की चिताओं ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। इस घटना से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। ज्ञातव्य हो कि गांव के ही स्वर्गीय श्यामनंदन सिंह कि मृत्यु के वाद उसका एकलौता पुत्र राहुल कुमार ने पैतृक जमीन लगभग एक एकड़ कौरी के भाव मे बेच दिया था। बीते 7 नवम्बर को भी उसने चार कट्ठे जमीन को रूसुलपुर कोरीगांव निवासी पंकज सिंह के हाथों बेच दिया था। जिसके बाद परिवार के पास कुछ नही बचा। इसी सदमे में राहुल की 55 वर्षीय मां निर्मला देवी, 35 वर्षीय पत्नी सीमा देवी , 12 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार उर्फ मुन्ना कुमार एवं 15 वर्षीय पुत्री रिषिका ने एक साथ गुरुवार की रात्रि खाने में जहर मिलाकर खा लिया जिसमे केवल रिषिका बची बाकी तीनो की मौत हो गयी। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की असमय मौत ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया है. जिस घर में कभी बच्चों की आवाजें और परिवार की खुशियां गूंजती थीं। वहां अब मातम पसरा हुआ है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग भी इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं। तीनों शवों का अंतिम संस्कार हाजीपुर के कोनहारा घाट पर एक साथ किया गया. जब मां, बेटे और दादी की चिताएं एक साथ जलीं तो वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं. हर कोई इस घटना को लेकर दुख व्यक्त कर रहा था। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर घरेलू विवादों के गंभीर परिणामों और परिवार में आपसी संवाद एवं सहयोग की अहमियत को सामने ला दिया है। हालांकि पुलिस ने अमीर सिंह के आवेदन पर प्राथमिकि दर्ज कर लिया है। दर्ज प्राथमिकि में बताया गया है कि राहुल कुमार उर्फ कल्लू के द्वारा लगातार जमीन बेचने के कारण उनकी समधिनी ,पुत्री सहीत अन्य लोग मानसिक परेशानी में थे। कई बार राहुल को समझाने की कोशिश किया गया लेकिन वह नही माना जिसके वाद पूरा परिवार विषपान कर लिया था।

जंदाहा में भीषण अगलगी में छह परिवारों के आशियाने राख

हाजीपुर (आससे)। जंदाहा प्रखंड की लक्ष्मीपुर बरबट्टा पंचायत के वार्ड नंबर-2 स्थित चकभैरो गांव में भीषण अगलगी की घटना में करीब आधा दर्जन परिवारों के घर जलकर राख हो गए। अग्निकांड में दामोदर पासवान, विष्णु पासवान, संजीव पासवान, संजय पासवान, सुभाष पासवान और चंदन पासवान के घरों में रखा अनाज, कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर, नकदी, जरूरी दस्तावेज और घरेलू सामान समेत लाखों की संपत्ति जल गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते छह परिवारों के आशियानों को अपनी चपेट में ले लिया। वर्षों की मेहनत से जुटाई गई गृहस्थी पलभर में राख के ढेर में तब्दील हो गई। घटना के बाद सभी प्रभावित परिवारों के सामने रहने और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने का संकट खड़ा हो गया है। इस अग्निकांड का सबसे दर्दनाक पहलू एक पीड़ित परिवार की बेटी की शादी से जुड़ा है। बताया गया कि आगामी 25 नवंबर को बेटी की शादी तय थी।